P372

इंदौर, बुधवार 12 अगस्त 2026

वर्ष : 5 ■ अंक : 246
पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई – एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

**अंदर के पन्नों पर...**

देपालपुर को जाम की समस्या से कब मिलेगी आजादी!



पेज-2

'टॉक्सिक' के सेट पर खास दोस्त बनी नयनतारा...



पेज-5

नामांतरण घोटाले में अब एफआईआर की तैयारी



पेज-6

## न्यूज ब्रीफ

- ईपीएस बोले– परिसीमन में कुछ गलत नहीं, लोकसभा में तमिलनाडु का 7.18% हिस्सा कायम रहे
- 'क्या आपकी तरह चुप बैठ जाएं?', संसद गतिरोध और छात्रों पर कार्रवाई के सवाल पर मीडिया पर भड़कीं प्रियंका गांधी
- रील के जमाने में शॉर्टकट से बचें, पीएम मोदी ने युवाओं को दिया संदेश
- राज्यसभा में आज दो बिल पेश करेंगे अमित शाह
- दलबदल कानून में बदलाव की मांग, मनीष तिवारी का लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस
- झारखंड : रांची छात्र आंदोलन का 19वां दिन, रात से पंडाल की बिजली गुल
- कोलकाता एयरपोर्ट पर यात्रियों का विरोध, तकनीकी खराबी के चलते फ्लाइट में देरी
- जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में भारी बारिश से जलभराव, कई इलाकों में यातायात प्रभावित
- लाल सागर में जहाज पर हूती हमला, 6 की मौत; ईरान जा रहे जहाज को यूएस ने रोका
- 'तीसरा टर्म लड़ना चाहता हूं, पर कानून सख्त' : 2028 चुनाव की चर्चाओं पर डोनाल्ड ट्रंप

# अब मप्र में जेन-जी पर फोकस करेगी कांग्रेस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मप्र कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। पांच घंटे चली पीएसी की बैठक में जेन–जी का मुद्दा छाया रहा। नेताओं ने कहा कि आने वाला समय जेन–जी का है।

जेन–जी क्या सोचते हैं, उनकी क्या विचारधारा है, क्या मुद्दे हैं, क्या प्राथमिकताएं हैं, वे सरकार से क्या चाहते हैं, इस पर विस्तृत स्टडी करने की जरूरत है, ताकि इसके आधार पर चुनावी रणनीति तैयार की जा सके। गौरतलब है कि गत कई दिनों से जेन जी के आंदोलनों को लेकर राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। खुद राहुल गांधी इस मुद्दे को लेकर नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को घेर रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस मुद्दे पर भाजपा के आक्रामक रणनीति को जंग लगता नजर आ रहा है। खुद भाजपा के ही नेता अब बेकफुट पर नजर आ रहे हैं। कांग्रेस के रणनीतिकारों का मानना है कि यही वह समय है, जब जेन जी के बीच उभरते आक्रोश को लेकर कांग्रेस पार्टी जमीन पर उतरे और इस वर्ग के सहारे लचर होते कांग्रेस संगठन को मजबूत कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा जा सके। हालांकि कांग्रेस संगठन का यह दिवास्वप्न कितना सफल हो पाएगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा, किन्तु दतिया के चुनाव और जेन जी के देशव्यापी आंदोलनों ने कांग्रेस को नया उत्साह तो दे ही दिया है।




### कमलनाथ, दिग्विजय, नकुलनाथ नहीं आए

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और कमलनाथ बैठक में शामिल नहीं हुए। बैठक में दिग्विजय सिंह वर्चुअल जुड़े। विमान में तकनीकी खराबी से पूर्व सांसद नकुलनाथ भी बैठक में नहीं आ सके।

## सितंबर में उज्जैन आएंगे राहुल गांधी!



फाइल फोटो

*कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सितंबर में उज्जैन आएंगे। प्रस्तावित दौरे के दौरान वे उज्जैन संभाग के उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे, जिनकी नियुक्ति संगठन सृजन के माध्यम से हुई है। कार्यक्रम में उज्जैन के साथ रतलाम, शाजापुर, देवास, आगर मालवा, मंदसौर और नीमच जिले के कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। राहुल गांधी के प्रस्तावित उज्जैन दौरे की खबर के बाद कांग्रेस संगठन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला अध्यक्ष महेश परमार और शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाने में जुटे हैं।*

# डेली कॉलेज का दीपावली अवकाश बना राजनीतिक अखाड़ा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • डेली कॉलेज द्वारा दीपावली अवकाश को 6 दिन से बड़ाकर 16 दिन का करने पर विवाद खड़ा हो गया है। ओल्ड डेलियंस और सीनियर एडवोकेट ने इस पर आपत्ति ली है। उनका आरोप है कि डेली कॉलेज ने यह निर्णय इसलिए लिया है क्योंकि वहां पर आरएसएस द्वारा अपना कार्यक्रम किया जा रहा है। ऐसे में आरएसएस के कार्यक्रम के लिए देश की प्रतिष्ठित संस्था को देना और उसके छात्रों की पढ़ाई के साथ समझौता करना ठीक बात नहीं है। इसके लिए उन्होंने ना केवल स्कूल बल्कि आरएसएस को भी पत्र लिखकर अपनी बात रखी है। साथ ही यह भी कहा है कि अगर स्कूल ने अपना निर्णय नहीं बदला तो वे हाई कोर्ट की शरण लेंगे। ऐसे शुरू हुआ विवाद–यह विवाद डेली कॉलेज मैनेजमेंट द्वारा दीपावली अवकाश को लेकर जारी किए गए सरक्यूलर से शुरू हुआ।



### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को यह लिखा है पत्र में

एडवोकेट बागडिया ने 8 अगस्त को आरएसएस सरसंघचालक, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम भी एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कार्यक्रम के लिए शैक्षणिक परिसर के उपयोग पर पुनर्विचार का आग्रह किया। बगाड़िया ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि उनकी आपत्ति आरएसएस की विचारधारा, को लेकर नहीं है। उनकी चिंता पूरी तरह शैक्षणिक संस्थान की स्वतंत्रता, राजनीतिक तटस्थता और संस्थागत मर्यादा से जुड़ा है।

### बागड़िया बोले नहीं माने तो कोर्ट जाएंगे

इस संबंध में एडवोकेट अजय बागडिया का कहना है कि वे प्रतिनिधिमंडल के साथ डेली कॉलेज प्रबंध से मिलने जाएंगे और अपनी बात रखेंगे। अगर प्रबंधन ने छात्रों के हित में उनकी बात नहीं मानी तो उन्हें मजबूरन हाई कोर्ट की शरण लेनी पड़ेगी। वहीं, इस संबंध में डेली कॉलेज की प्रिसीपल गुरमीत बिंद्रा को फोन करके उनका पक्ष जानने का कोशिश की, लेकिन उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी।

## बन रहे 5 हाईटेक फायर स्टेशन के लिए निगम ने मांगी शासन से नई गाड़ियां

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में आगजनी की घटनाओं पर जल्द से जल्द काबू पाने के लिए नगर निगम ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। शहर की बढ़ती आबादी और भौगोलिक विस्तार को देखते हुए 5 नए स्थानों पर फायर सबस्टेशन बनाने का काम तेजी से प्रक्रिया में है। कुछ चिन्हित स्थलों पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इन नए केंद्रों को पूर्ण रूप से संचालित करने के लिए नगर निगम प्रशासन ने राज्य शासन को संसाधनों, दमकल गाड़ियों और आवश्यक कर्मचारियों की तैनाती का विस्तृत प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए भेजा है।

नगर निगम के अपर आयुक्त आशीष पाठक के मुताबिक अब तक इंदौर में आग लगने की स्थिति में पुराने फायर स्टेशनों और दूर स्थित सबस्टेशनों से दमकल गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में लंबा समय लग जाता था। घनी आबादी और ट्रैफिक के कारण अक्सर राहत कार्य प्रभावित होते थे। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में 5 नए सबस्टेशन बनाने के लिए भूमि चिन्हित की गई। इनमें देवगुराड़िया, न्याय नगर के पास, लसुड़िया क्षेत्र और अन्य स्थान शामिल हैं। चिन्हित स्थलों में से देवगुराड़िया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड और न्याय नगर में पानी की टंकी के पास सबस्टेशन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है।

## आप शाकाहारी हैं, जनेऊधारी हैं, शराब पीते हैं... ऐसे सवाल भी उठे इंटरव्यू में

**अयोध्या (एजेंसी)** • अयोध्या के राम मंदिर में सीईओ की नियुक्ति के लिए सोमवार से इंटरव्यू शुरू हो गया है। आखिरी राउंड के लिए चयनित 18 उम्मीदवारों का एक–एक करके साक्षात्कार लिया जा रहा है। उनसे सनातन धर्म को लेकर उनकी आस्था से जुड़े तमाम सवाल किए जा रहे हैं।

अभ्यर्थियों से उनके शाकाहारी–मांसाहारी होने, जनेऊ पहनने और शराब पीने या न पीने जैसे सवाल भी पूछे गए। साथ ही उनके प्रशासनिक अनुभव और राम मंदिर के संचालन से जुड़े अहम सवाल भी पूछे गए। राम मंदिर ट्रस्ट सीईओ के लिए 5200 से ज़्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इसमें 18 उम्मीदवारों से 5 राउंड का ऑनलाइन संवाद किया गया। सभी अभ्यर्थियों से गूगल फॉर्म भी भरवाए गए हैं। इसके बाद 11, 12 और 13 अगस्त को हर दिन छह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया जा रहा है। इंटरव्यू लेने का काम ट्रस्ट की ओर से चुने गए तीन सदस्यों वाली कमेटी कर रही है।

### सनातन धर्म में आस्था से जुड़े सवाल

सूत्र बता रहे हैं सीईओ की नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का प्रशासनिक अनुभव को आधार बनाया गया है। साथ ही सनातन को मन से मानना भी चयन का बड़ा आधार बनाया गया है। अभ्यर्थियों से उनके अनुभव, उनकी नेतृत्व क्षमता और हिंदू धर्म से जुड़ाव को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं। गूगल फॉर्म में पूछे गए सवालों में सनातन धर्म में आस्था को लेकर सवाल किया गया। इनमें पूछा गया कि आप जनेऊ पहनते हैं या नहीं? आप शराब पीते हैं या नहीं? क्या आप शाकाहारी हैं या नहीं?

# मेल-मुलाकातों से गरमाई सियासत





**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्य प्रदेश भाजपा की सियासत में इन दिनों मेल–मुलाकातों का मौसम चल रहा है। भोपाल से लेकर दिल्ली तक नेताओं की मुलाकातों की तस्वीरें सामने आ रही हैं और हर तस्वीर अपने पीछे सियासी कहानी तलाश रही है। अब विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के बड़े नेताओं से मुलाकात की। इधर, मामा जी यानी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के घर प्रदेश के भाजपा सांसदों का जमावड़ा लगा। वहीं भोपाल में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्री प्रहलाद पटेल से मुलाकात की। इससे पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सांसद वीडी शर्मा दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मिल चुके हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर चुके हैं। खुद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से मिल चुके हैं।

अब बारिश के मौसम में हो रही इन मुलाकातों ने मध्य प्रदेश भाजपा की सियासत का पारा चढ़ा दिया है। सियासी गलियारों में कयासबाजी का दौर चल रहा है और हर मुलाकात के अलग–अलग मायने निकाले जा रहे हैं। हालांकि किस नेता की किससे क्या बात हुई, ये किसी ने खुलकर नहीं बताया। लेकिन सियासत में तस्वीरें अक्सर बहुत कुछ कह देती हैं। लिहाजा, चर्चाएं हैं कि भाजपा में कुछ मंथन जरूर चल रहा है। सियासी गलियारों में तो यहां तक कहा जा रहा है कि कुछ तो खिचड़ी पक रही है।

## प्रदेश में 'नकली पनीर' पर लगेगा बैन! सरकार लेगी फैसला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • दूध से बने पनीर की जगह कम लागत वाले एनालॉग पनीर के इस्तेमाल को लेकर मध्यप्रदेश सरकार सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने मंगलवार को इंदौर में कहा कि प्रदेश में एनालॉग पनीर की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। उन्होंने संकेत दिए कि इस संबंध में जल्द फैसला लिया जा सकता है।

एनालॉग पनीर देखने और पकाने में सामान्य पनीर जैसा ही नजर आता है, लेकिन इसे पूरी तरह दूध से तैयार नहीं किया जाता। इसमें वेजिटेबल ऑयल, फैट, स्टार्च और प्लांट प्रोटीन जैसे गैर–डेयरी घटकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका पोषण प्रोफाइल भी पारंपरिक डेयरी पनीर से अलग होता है।

**क्या होता है एनालॉग पनीर**–मूल पनीर दूध से बनता है, लेकिन एनालॉग पनीर दूध से नहीं बनता, बल्कि यह वनस्पति तेल (जैसे पाम ऑयल), स्किम्ड मिल्क पाउडर, स्टार्च और इमल्सीफायर से तैयार एक नॉन–डेयरी या सिंथेटिक उत्पाद है।



एनालॉग पनीर का इस्तेमाल बढ़ने की एक बड़ी वजह इसकी कम लागत बताई जाती है। होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कम कीमत के कारण इसका उपयोग किया जा सकता है।

### कंगना रनोट ने नसीरुद्दीन शाह को लोमड़ी कहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने वरिष्ठ अभिनेता नसीरुद्दीन शाह पर निशाना साधा है। कंगना ने सोशल मीडिया पोस्ट में नसीरुद्दीन शाह को 'लोमड़ी' कहते हुए लिखा कि वे इस देश का खाते हैं, लेकिन पड़ोसी देश के लिए लड़ते हैं। यह विवाद देश में छात्रों के प्रदर्शन पर बॉलीवुड कलाकारों की चुप्पी को लेकर शुरू हुआ था। नसीरुद्दीन शाह ने शांत रहने वाले कलाकारों की तुलना मुंह में हड्डी दबाए कुत्ते से की थी। इसके बाद अभिनेता पीयूष मिश्रा ने झारखंड में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा उठाकर नसीरुद्दीन से सवाल किए और कहा की वे अब चुप क्यों हैं। कंगना ने पीयूष मिश्रा के बयान का समर्थन करते हुए अपनी बात रखी है। पीयूष मिश्रा की पोस्ट शेयर कर लिखा– वफादारी दुर्लभ है कंगना रनोट ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पीयूष के बयान की एक रिपोर्ट शेयर की।

## नागपंचमी और सावन सोमवार एक ही दिन होने से उज्जैन प्रशासन की होगी परीक्षा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •श्री महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार 17 अगस्त को सावन माह का तीसरा सोमवार और नागपंचमी पर्व एक साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के पट 16 अगस्त की रात्रि 12 बजे से 17 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुले रहेंगे। नागपंचमी पर्व के साथ ही श्रावण मास का तृतीय सोमवार होने के कारण भगवान श्री महाकाल की सवारी भी नगर भ्रमण पर निकलेगी। भगवान श्री नागचंद्रेश्वर का प्रथम पूजन महंत पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा द्वारा 16 अगस्त की रात्रि 11:30 बजे से 12 बजे तक पट खुलने के समय किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे शासकीय पूजन तथा संध्या आरती के समय मंदिर के पुजारी एवं पुरोहित द्वारा पूजन किया जाएगा। मंगलवार को श्री महाकाल महालोक के त्रिनेत्र मीटिंग कक्ष में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, महंत विनीत गिरि सहित संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी नागपंचमी पर्व एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्ट रौशन कुमार सिंह ने नागपंचमी पर्व पर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुगम दर्शन, पार्किंग, यातायात, पेयजल, साफ–सफाई, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।



### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद, सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**मथुरा (एजेंसी)** • श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह विवाद से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज 12 अगस्त को महत्वपूर्ण सुनवाई होनी है। सुनवाई के दौरान मुख्य विवाद के साथ–साथ इस मुद्दे पर भी विचार किया जाएगा कि हिंदू पक्ष की ओर से दायर विभिन्न याचिकाओं में से किसे रिप्रेजेंटेटिव सूट (प्रतिनिधिक वाद) माना जाए। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पहले सूट नंबर–17 को प्रतिनिधिक वाद के रूप में स्वीकार किया था। हालांकि, अन्य हिंदू पक्षकारों ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि उनकी याचिकाएं अलग–अलग तथ्यों, मुद्दों और कानूनी दलीलों पर आधारित हैं। ऐसे में केवल एक याचिका को पूरे हिंदू पक्ष का प्रतिनिधि नहीं माना जा सकता।

न्यूज ब्रीफ

### महावीर चक्र से सम्मानित नायक दिगेंद्र कुमार 13 अगस्त को प्रेस क्लब में

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● भारतीय सेना के गौरव तथा कारगिल युद्ध के समय जम्मू-कश्मीर की तोलोलिंग बर्फीली पहाड़ी को दुश्मनों से मुक्त कराकर तिरंगा फहराने वाले महावीर चक्र से सम्मानित नायक श्री दिगेंद्र कुमार (परसवाल) गुरुवार, 13 अगस्त 2026 को दोपहर 12.30 बजे इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित 'चाय पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल होंगे और मीडिया के साथियों से चर्चा करेंगे। भारत माता के सपूत नायक दिगेंद्र कुमार जी से चर्चा के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया के साथी सादर आमंत्रित हैं। इस मौके पर लेफ्टीनेंट कर्नल श्री सुरेंद्र सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।



**14 अगस्त**- नवनिर्वाचित जिला कोर्ट के वकीलों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जहाँ वे वकीलों की हौसला अफजाई करेंगे।

**15 अगस्त** - विद्यासागर स्कूल में ध्वजारोहण किया जाएगा और साथ ही उनका भव्य नागरिक अभिनंदन भी किया जाएगा।

### शेरेटन ग्रैंड पैलेस इंदौर में 15 को होगा इंडिपेंडेंस डे ब्रंच

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● 15 अगस्त सिर्फ कैलेंडर की एक तारीख नहीं, बल्कि देश के इतिहास, आजादी और उससे जुड़ी भावनाओं को याद करने का दिन है। इस दिन शहर में कहीं तिरंगा फहराया जाता है, तो कहीं परिवार और दोस्त साथ मिलकर इस खास मौके को सेलिब्रेट करते हैं। इसी माहौल को ध्यान में रखते हुए शेरेटन ग्रैंड पैलेस इंदौर इस बार स्वतंत्रता दिवस पर खाने और मनोरंजन को साथ जोड़ते हुए विशेष इंडिपेंडेंस डे ब्रंच आयोजित करने जा रहा है। 15 अगस्त को एस कैफे में होने वाले इस ब्रंच में मेहमानों के लिए खास फूड स्प्रेड के साथ लाइव म्यूजिक, बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां और ट्राई कलर थीम पर तैयार किए गए डेजर्ट शामिल होंगे।

### एचपी ने भारत के लिए तैयार एचपी ओमनीपैड 12 की उपलब्धता की घोषणा की

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● एचपी इंडिया ने आज एचपी ओमनीपैड 12 की उपलब्धता की घोषणा की। यह विशेषरूप से भारत के लिए तैयार किया गया डिवाइस है, जिसे यहां लोगों के सीखने, काम करने और क्रिएट करने के तरीके को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। लैपटॉप की प्रोडक्टिविटी और टैबलेट की पोर्टेबिलिटी का एक साथ अनुभव देने वाले एचपी ओमनीपैड 12 से यूजर्स को काम और मनोरंजन के बीच आसानी से स्विच करने की सुविधा मिलती है।

# 16 अगस्त को अन्नपूर्णा लिंक रोड का होगा लोकार्पण

### अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का होगा भूमिपूजन, निगम की तैयारियां अंतिम चरण में

दैनिक इंदौर संकेत



**इंदौर** ● शहर को 16 अगस्त को एक महत्वपूर्ण सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अन्नपूर्णा लिंक रोड का लोकार्पण करने के साथ ही भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी सिलसिले में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के साथ प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों और विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने कार्यक्रम स्थल पर मंच, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक इंतजामों की समीक्षा की। अधिकारियों से तैयारियों की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम द्वारा कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों और अतिथियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 16 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम को लेकर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# शासकीय कर्मचारियों की विशाल तिरंगा यात्रा

### कलेक्टर शिवम वर्मा, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति ने यात्रा को रवाना किया

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● हर घर तिरंगा के आव्हान पर इंदौर के सैकड़ों कर्मचारियों ने विशाल तिरंगा यात्रा कलेक्टर कार्यालय से महू नाका महाराणा प्रताप प्रतिमा तक निकाली। यात्रा में सभी कर्मचारियों में बेहद उत्साह नजर आया। कई महिला एवं पुरुष कर्मचारियों ने देश भक्ति के गीतों पर रास्ते भर नृत्य किया।

यात्रा संयोजक हरीश बोयत, रमेश यादव ने बताया कि यात्रा को कलेक्टर कार्यालय से जिले के लोकप्रिय कलेक्टर श्री शिवम वर्मा एवं सी ई ओ जिला पंचायत श्री हिमांशु प्रजापति ने रवाना किया।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने काफी उत्साह के साथ कर्मचारियों से भारत माता की जय, वंदे मातरम का जयघोष करवाया। इसके पुर्व श्री शिवम वर्मा एवं हिमांशु प्रजापति सर का



तिरंगा दुपट्टा पहनाकर पवन शर्मा, प्रवीण यादव, कमलेश सिंह, संदीप धौलपुरे, अशोक मालवीय ने अभिनंदन किया। यात्रा में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चैनसिंह यादव, जी एस आई टी एस कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पूरण कैथवास, अजाक्स के जिला अध्यक्ष कमल मिमरोट, आर के शर्मा, संजय अठवाल, राजकुमार पांडे, राजेश गौड़, अजय सक्सेना, मनोज मेहना, बैजू परदेशी, जितेंद्र तोमर, अजय घोसरे, संदीप कुशवाह, रितेश बनोंदिया, विकास तिवारी,पंकज मिश्रा, डॉक्टर रजनी पांडे, मनीषा मिश्रा, स्मिता भावसार,निशा जायसवाल, सुषमा जेन, नमिता दुबे, रीना वाकडे, रितिका सेंगर, जसबीर सलूजा, ऊषा सौराष्ट्रीय,योगिता सोनी, ज्योति जोशी, जानकी कोटिया, उषा कौरराने, सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने जोशो खरोश के साथ भाग लिया।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 17 अगस्त

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 में अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 17 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। अपील की गई है कि जिले के समस्त पात्र किसान निर्धारित अंतिम तिथि तक अपनी फसलों का प्रधानमंत्री फसल बीमा अवश्य कराएं। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला इंदौर ने बताया कि वर्तमान मौसम में अनिश्चितता एवं अलनीनो जैसी मौसमी परिस्थितियों के प्रभाव से वर्षा के वितरण एवं मात्रा में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी हुई है। कम अथवा अधिक वर्षा, लंबे समय तक वर्षा का अभाव, अतिवृष्टि, जलभराव तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसलों को नुकसान होने की आशंका रहती है।

### भाजपा किसान मोर्चा निकालेगा जय जवान जय किसान तिरंगा यात्रा



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, तिरंगा यात्रा नगर संयोजक भारत पारख और किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष रजनीश वर्मा ने बताया कि किसान मोर्चा की कामकाजी बैठक आज भाजपा कार्यालय पर विचार परिवार के देवेंद्र शर्मा, नगर उपाध्यक्ष भारत पारख, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष रजनीश वर्मा, निवृत्तमान नगर अध्यक्ष मुकेश पंवार, पूर्व जिला अध्यक्ष घनश्याम नारोलिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल ने कहा कि किसान मोर्चा द्वारा पूरे प्रदेश में जय जवान-जय किसान यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है, सेना का जवान जब सीमा पर और अन्नदाता खेतों में पसीना बहाता हैं तब देश में खुशहाली आती है, प्रधानमंत्री दिपावली सेना के जवानों के साथ मनाते है, तो किसानों को भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके कल्याण के लिए योजनाएं बनाते है। अन्नदाता भी देश के सजग प्रहरी के रूप में देश के विकास में योगदान देते हैं।

### हिमालया ने ऑनलाईन फोटो एलबम बनाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● हिमालया वैलनेस कंपनी ने "द लार्जेस्ट ऑनलाईन फोटो एलबम ऑफ पीपुल होल्डिंग ए साईन" श्रेणी में नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। इसमें भारत के 66,928 डॉक्टरों ने हिस्सा लिया था। इन डॉक्टरों ने डॉक्टर्स डे यानी 1 जुलाई, 2026 को लॉन्च हुए माह भर चलने वाले वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लेकर यह रिकॉर्ड बनाया। इससे पिछले रिकॉर्ड में 53,201 लोग शामिल हुए थे।

# ड्रग्स तस्कर की लिंक निकाल रही क्राइम ब्रांच, पूछताछ में और भी नाम सामने आने की उम्मीद

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● क्राइम ब्रांच ने 103.55 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ जिस आरोपी को गिरफ्तार किया। उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में टीम के सामने कई बातें आई हैं। जिसके आधार पर टीम आगे की जांच कर रही है। हालांकि इस मामले में क्राइम ब्रांच की टीमें अन्य राज्य में भी गई है। बताया जा रहा है कि इस मामले में और भी नाम सामने आ सकते हैं। दरअसल, क्राइम ब्रांच की टीम ने पिछले दिनों सुपर कॉरिडोर से अयाज हुसैन नामक एक युवक को 103.55 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर टीम ने शहनवाज को भी गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी तीन दिन की पुलिस रिमांड पर है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

### दूसरे राज्य की लिंक मिली

राजेश दंडोतिया एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच ने बताया कि इस




मामले में जांच जारी है। दूसरे राज्य की लिंक मिली है। जिस पर टीम काम कर रही है। संभवना है कि राजस्थान की तरफ से ही अयाज इतनी बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स लेकर आया होगा। पूछताछ में कई बातें सामने आई है, जिस पर टीम लगी हैं।

### टीमें बाहर भी गई है

इस मामले में अन्य आरोपियों की लिंक निकालने के लिए क्राइम ब्रांच की टीमें बाहर भी गई हुई है। टीमें वहां रहकर मिली लिंक के आधार पर आगे की इन्वेस्टिगेशन कर रही है। संभावना है कि जल्द ही इस मामले में टीमें और भी लोगों तक पहुंच जाएगी।



# एलएलबी के रिजल्ट पर बवाल, बड़ी संख्या में छात्रों को एटीकेटी

### एलएलबी सेकंड सेमेस्टर परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रों में नाराजगी

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) के एलएलबी सेकंड सेमेस्टर परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रों में नाराजगी बढ़ गई है। मंगलवार को गवर्नमेंट लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राएं जनसुनवाई में पहुंचे और परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशेष तिवारी को ज्ञापन सौंपकर मूल्यांकन में गड़बड़ी का आरोप लगाया। विद्यार्थियों का कहना है कि दो विषयों में बड़ी संख्या में छात्रों को एटीकेटी दे दी गई है, जबकि अन्य विषयों में उनके अंक अच्छे आए हैं छात्रों के अनुसार 31 जुलाई को घोषित परिणाम में लेबर एंड इंडस्ट्रियल लॉ और कॉन्स्टीट्यूशन-2 विषय में सबसे अधिक विद्यार्थियों को एटीकेटी मिली है। कई ऐसे छात्र हैं जिन्हें अन्य विषयों में प्रथम श्रेणी के अंक प्राप्त हुए, लेकिन इन दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया। इससे विद्यार्थियों में मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर संदेह पैदा हो गया है।

# बिजली कंपनी में 154 कार्यालय सहायकों की भर्ती के लिए दस्तावेज परीक्षण

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पूर्व में भर्ती परीक्षा के माध्यम से चयनित कार्यालय सहायक श्रेणी 3 के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 13 अगस्त को किया जाएगा। कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के निर्देशानुसार इन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण कराया जाएगा। श्री चौहान ने बताया कि करीब 154 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण कार्य इंदौर एवं उज्जैन मुख्य अभियंता कार्यालयों की टीमों द्वारा कराया जाएगा। इंदौर रीजन अंतर्गत पोलोग्राउंड सभागार में 6 टीमों के माध्यम से 75 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण कार्य होगा। वहीं उज्जैन के ज्योति नगर स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में पांच टीमें 79 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण करेगी। इसके बाद इन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देकर पदस्थी कर दी जाएगी। मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि इंदौर के मुख्य अभियंता श्री आरसी जैन एवं उज्जैन के मुख्य अभियंता श्री एससी वर्मा को उक्त परीक्षण कार्य के लिए पर्यवेक्षण का जिम्मा दिया गया हैं।



### क्षेत्रीय पार्षद राकेश सोलंकी को दिया स्वतंत्रता दिवस समारोह में अतिथि आमंत्रण का पत्र

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● एकीकृत शासकीय हाईस्कूल लसुड़िया मोरी में प्रतिवर्षानुसार मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में क्षेत्रीय पार्षद राकेश सोलंकी को बतौर अतिथि का आमंत्रण पत्र संस्था के प्राचार्य भूषण सराफ ने दिया। संस्था में पदस्थ शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं पुरानी पेंशन बहाली संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश परमार ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल लसुड़िया मोरी में इस वर्ष भी मुख्य समारोह शाला परिसर में मनाया जाएगा। जिसमें वार्ड 35 के लोकप्रिय पार्षद राकेश सोलंकी को प्राचार्य व स्टाफ सदस्यों ने आमंत्रण पत्र सौंपकर उनसे मुलाक़ात की। इस दौरान प्राचार्य भूषण सराफ सहित शिक्षक दिनेश परमार, राकेश गेहलोद, सुशील बिलवाल व अखिलेश पंवार आदि मौजूद थे।

### चाकूबाजी में घायल युवक की मौत, फरारी के दौरान तीन दिन पहले बदमाशों ने किया था हमला

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● हीरानगर थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की वारदात में गंभीर रूप से घायल युवक की दो दिन उपचार के बाद मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश पहले से ही एक मामले में फरार चल रहे थे। पुलिस ने अब मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक रविवार रात करीब 1 बजे तेजपाल पुत्र प्यारेलाल पाल खाटू श्याम की भजन संध्या से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में चार अज्ञात बदमाशों ने उसे रोक लिया और चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल तेजपाल ने किसी तरह अपने परिचित और पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस की एफआरवी उसे उपचार के लिए अरबिंदो अस्पताल लेकर पहुंची।

#### दो दिन बाद अस्पताल में मौत

तेजपाल का अस्पताल में उपचार चल रहा था, लेकिन मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे उसकी हालत बिगड़ गई और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। तेजपाल मूल रूप से ललितपुर का रहने वाला था। वह करीब दो महीने पहले अपनी पत्नी और पांच महीने के बेटे के साथ इंदौर आया था और यहां एक रेस्टोरेंट में वेटर का काम करता था।

#### फरारी के दौरान ही कर दी चाकूबाजी

पुलिस जांच में सामने आया है कि वारदात में लाहिया कॉलोनी निवासी कल्ला, बब्बा और उनके साथियों के नाम सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि कल्ला नशे का आदी है और पूर्व में भी छीना-झपटी व चाकूबाजी की वारदात कर चुका है। हीरानगर पुलिस को आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज भी मिले थे, लेकिन वारदात के बाद आरोपियों ने मोबाइल बंद कर दिए और फरार हो गए। कल्ला ने पूर्व में 136 क्षेत्र में भी देर रात चाकूबाजी की थी। उस मामले में लसूडिया पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई थी। इसके बाद फरारी के दौरान ही कल्ला और उसके साथियों ने हीरानगर क्षेत्र में तेजपाल पर चाकू से हमला कर दिया। तेजपाल की मौत के बाद हीरानगर पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

# देपालपुर को जाम की समस्या से कब मिलेगी आजादी!

### जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन तक नहीं निकाल पाए ट्रैफिक जाम का समाधान

निलेश चौहान : 94250-77209

**देपालपुर** ● **दैनिक इंदौर संकेत**

नगर में ट्रैफिक जाम कही वर्षों से जनता के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। बढ़ते वाहनों की संख्या से सड़कें खड़ी हो जाती हैं और ट्रैफिक व्यवस्था दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। यह समस्या सालों पुरानी है लेकिन प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है ट्रैफिक जाम समस्या को लेकर अब आम जनता भी त्रस्त हो गई है देपालपुर क्षेत्र के सत्ताधारी नेता और प्रशासन ट्रैफिक जाम को लेकर असफल साबित हुए हैं ।

इंदौर नाके से लेकर तहसील रोड तक सड़क किनारे फुटकर दुकानदार अपनी थेला गाड़ियां खड़ी करके व्यापार व्यवसाय करते हैं। आम जनता सड़क किनारे वाहन खड़े कर सामान की खरीदी करते हैं आए दिन ऐसी स्थिति में जाम लगा रहता है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने इसका स्थाई समाधान आज तक नहीं





● 1 देपालपुर के जनप्रतिनिधि आज तक इसका स्थाई समाधान क्यों नहीं निकाल पाए।

● 2 प्रशासन भी ट्रैफिक जाम समस्या को लेकर असफल साबित हुआ है आज तक इन्होंने भी कोई उचित समाधान नहीं निकाला।

● 3 देपालपुर की आम जनता पूछ रही है आखिर कब नगर को जाम से निजात मिलेगी।

निकाला।देपालपुर एसडीएम रहे रवि वर्मा ने प्रस्ताव दिया था कि नगर में कहीं खाली जगह हो तो फुटकर दुकानदार या हाथ ठेला गाड़ियों को एक जगह दे दी जाए लेकिन नगर परिषद देपालपुर और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने इस और ध्यान नहीं दिया।

एंबुलेंस से लेकर स्कूल बस तक इस ट्रैफिक जाम के कई बार शिकार हो चुके हैं। तहसील रोड पर स्वास्थ्य विभाग होने के कारण एम्बुलेंस पेशेंट लेकर इस रोड से गुजरती है लेकिन कई बार देखने में आया कि एंबुलेंस भी ट्रैफिक जाम में कही बार फंस जाती हैं। इतना ही नहीं स्कूल वाहन भी कहीं बार इस ट्रैफिक जाम का शिकार हो गई आधा एक घंटा गाड़ियां स्कूल में ट्रैफिक की वजह से लेट पहुंचती है। ट्रैफिक जाम देपालपुर के लिए कोई नई बात नहीं है आए दिन ये घटनाक्रम होता रहता है लेकिन देपालपुर की आम जनता पूछ रही है इसका स्थाई समाधान कब निकलेगा।

आज के ट्रैफिक जाम में देपालपुर एसडीओपी और देपालपुर थाने के 112 डायल गाड़ी कुछ देर के लिए ट्रैफिक जाम का शिकार हो गई थी एसडीओपी के आरक्षक ने ट्रैफिक व्यवस्था संभालते हुए एसडीओपी की गाड़ी को आगे निकलवाया लेकिन 1 घंटे तक ट्रैफिक जाम की वजह से गाड़ियां खड़ी रही इतना ही नहीं आज का ट्रैफिक जाम देपालपुर नगर का सबसे बड़ा जाम था आसपास के दुकानदारों ने खड़े होकर वाहनों को निकलवाने में सहयोग किया।

स्थानीय जनप्रतिनिधि और शासन प्रशासन के अधिकारियों को उठाना होगे ठोस कदम अधिकारियों को बनाना पढ़ेंगे कड़े नियम झूठे वादे और खोखले दावे से देपालपुर सुंदर नहीं दिखेगा नगर परिषद के माध्यम से स्वच्छता का काम जोरों पर चल रहा है। लेकिन ट्रैफिक जाम देपालपुर नगर की सबसे बड़ी चुनौती बन गया है स्थानीय नेता इस विषय पर बोलने को तैयार नहीं है आज भी ट्रैफिक जाम पर कांग्रेस नेता राजेश बड़वाया ने वीडियो जारी कर ट्रैफिक जाम की स्थिति से अवगत कराया है लेकिन अब देखना होगा सत्ताधारी नेता और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर क्या समाधान निकालते हैं।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, बुधवार 12 अगस्त 2026

# चंद्रावतीगंज रेलवे फाटक पर बनेगा ओवरब्रिज

## 45 करोड़ रु. के रेलवे ओवरब्रिज का टेंडर मंजूर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सिंहस्थ की तैयारियों के बीच इंदौर की रेल अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। चंद्रावतीगंज रेलवे फाटक पर लंबे समय से बनी यातायात समस्या के स्थायी समाधान के लिए करीब 45 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले रेलवे ओवरब्रिज का टेंडर स्वीकृत हो गया है। रेलवे विभाग द्वारा इसका निर्माण कराया जाएगा और जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है। रेलवे फाटक के बार-बार बंद होने से यहां वाहनों की लंबी कतारें लगती हैं। ओवरब्रिज बनने के बाद रेलवे क्रॉसिंग पर निर्भरता कम होगी और क्षेत्र के रहवासियों के साथ ही यात्रियों को भी जाम से राहत मिलेगी। इससे आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होने की संभावना है।

सांसद शंकर लालवानी द्वारा सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए इंदौर और आसपास की रेल परियोजनाओं को प्राथमिकता देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर सिंहस्थ की तैयारियों के मद्देनजर इंदौर की रेल अधोसंरचना से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाए थे।

सिंहस्थ के दौरान इंदौर से उज्जैन सहित आसपास के क्षेत्रों में जाने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन को भी इससे सुविधा मिलने की उम्मीद है। करीब 45 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह ओवरब्रिज रेलवे फाटक के कारण लगने वाले जाम को कम करने में अहम भूमिका निभाएगा।



### करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा प्राथमिकता

सिंहस्थ की तैयारियों के मद्देनजर इंदौर की रेल अधोसंरचना को समय रहते मजबूत करना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री के सहयोग से इंदौर और मालवा क्षेत्र की रेल परियोजनाओं को गति मिल रही है। इसके निर्माण से क्षेत्रवासियों को रेलवे फाटक के जाम से राहत मिलने के साथ सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन को भी सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

### इंदौर सिंहस्थ के लिए प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

वर्ष 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इंदौर सिंहस्थ के लिए प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ऐसे में इंदौर और आसपास के रेलवे नेटवर्क को मजबूत करने के साथ स्टेशनों के विकास तथा यात्री सुविधाओं में विस्तार की आवश्यकता है।

### रेल मंत्री ने दिए थे समीक्षा के निर्देश

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संबंधित वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों को परियोजनाओं और प्रस्तावों की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक करने के निर्देश दिए थे। साथ ही सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए इंदौर एवं आसपास के रेल विकास कार्यों को प्राथमिकता से आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया था।

न्यूज ब्रीफ

## स्वार्थ और लोभ से किया गया धर्म फलीभूत नहीं होगा - सुधासागर म.सा.

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • धर्म केवल उदाहरण के लिए नहीं करना चाहिए। यह याद रखें कि किस्मत को बदलने के लिए धर्म ही सबसे महत्वपूर्ण तत्व होता है। स्वार्थ और लोभ से किया गया धर्म फलीभूत नहीं, व्यर्थ ही रहेगा। हमारे पूर्व में बांधे हुए कर्म कोई बुरे फल नहीं दे पाएं, उन्हें रोकने के लिए ही धर्म का आश्रय लिया जाता है। किस्मत में जो मिला है उसमें अपना पसीना भी मिलाना चाहिए। हमारे पसीने में वो ताकत है जो हमारे हाथ की लकीर तक बदल सकती है। मोक्ष मार्ग किस्मत से नहीं मिलता। किस्मतवाला कभी न तो धर्म कर सकता है और न ही धर्मात्मा बन सकता है। ये दिव्य एवं प्रेरक विचार हैं संत शिरोमणि प.पू. विद्यासागर म.सा. के परम प्रभावक शिष्य और राष्ट्रसंत मुनि पुंगव प.पू. श्री सुधासागर महाराज के, जो उन्होंने मंगलवार को सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलाल बाग के विशाल विद्या-सुधा सत्संग मंडप में चल रहे चातुर्मास की महती धर्मसभा में उपस्थित भक्तों को आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए।

## अखंड परम धाम आश्रम पर सात दिवसीय ध्यान एवं योग शिविर में पहुंचे मंत्री विजयवर्गीय भी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सच्चा गुरु वही हो सकता है जो स्वयं भी सत्य जानता हो और हमें भी सत्य से रू-बरू करा सकता हो। आजकल गुरुओं की कोई कमी नहीं है। कई चिलमबाज गुरु तो ऐसे भी हैं जो अपनी चिलम से जितनी ऊँची लौ निकालते हैं, वे उतने ही बड़े गुरु कहलाते हैं। स्वयं को गुरु कहलाने वाले भी बहुत हैं। जीवन में गुरुत्व की प्राप्ति तभी संभव है जब हम जितने गहरे उतरेंगे, उतने अधिक सदगुणों के भंडार को प्राप्त करेंगे। हमारी जागरूकता ही हमें दुर्गुणों से बचाएगी। ये प्रेरक विचार हैं राम जन्मभूमि न्यास अयोध्या के न्यासी एवं युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज के, जो उन्होंने मंगलवार को सुबह और शाम को अखंड परम धाम सेवा समिति के तत्वावधान में खंडवा रोड स्थित अखंड परमधाम आश्रम के परमानंद सभागृह पर चल रहे सात दिवसीय 30वें ध्यान एवं योग शिविर के दौरान देशभर से आए साधकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। राज्य के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी शिविर में पहुंचकर युगपुरुष स्वामी परमानन्द गिरि का स्वागत कर उनके शुभ आशीर्वाद प्राप्त किए। विजयवर्गीय ने भक्तों के आग्रह पर भजन 'हर -हर बोले नमः शिवाय' भी सुनाया।

## विहिप में दीपेश गोयल एवं बजरंग दल में लक्की रघुवंशी को मिली नई जिम्मेदारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मालवा प्रान्त विश्व हिन्दू परिषद की प्रांतीय बैठक में इंदौर के दीपेश गोयल को विहिप इंदौर विभाग का सहमंत्री एवं लक्की रघुवंशी को बजरंग दल इंदौर विभाग का सह संयोजक नियुक्त किया गया। मां पराम्बा गोभक्त मंडल के प्रमुख एवं बजरंग दल-विहिप इंदौर विभाग गो रक्षा प्रमुख योगेश होलानी ने बताया कि दोनों पदाधिकारियों का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण इंदौर महानगर एवं इंदौर लोकसभा का ग्रामीण क्षेत्र रहेगा। गोयल एवं रघुवंशी की नियुक्ति पर विहिप एवं बजरंग दल के अनेक पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# पंचकुईया भूतेश्वर महादेव मंदिर पर अब तक 13 लाख बिल्व पत्र समर्पित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • पंचकुइया स्थित श्री भूतेश्वर महादेव मन्दिर पर सावन के पहले दिन से चल रहे सर्व मनोकामना सिद्धिप्रद अहर्निश लक्ष्य बिल्वार्चन चिंतामणि महाप्रयोग में दिनोंदिन भक्तों का दिन-रात मेला जुट रहा है। पंचकुइया राम मन्दिर के महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपाल दास, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय सहित अनेक विशिष्टजनों ने भी मंदिर आकर बिल्व पत्र समर्पित किए। प्रतिदिन यहाँ अनेक कावड़ यात्री भी पवित्र नदियों का जल लाकर भूतेश्वर भगवान का जलाभिषेक कर रहे हैं। भूतेश्वर महादेव मंदिर के प्रमुख पं. हरीशानंद तिवारी एवं पं. यतीन्द्र तिवारी ने बताया कि यहाँ अब तक 13 लाख बिल्व पत्र समर्पित किए जा चुके हैं। अष्ट प्रहर



चल रही इस अनूठी पूजा के आयोजन में देशभर से आए विद्वानों, आचार्यों और ब्राह्मणों के सानिध्य में प्रतिदिन शास्त्रोक्त मंत्रोच्चार के बीच 1 लाख बिल्व पत्र से रुद्राभिषेक, रुद्रपाठ एवं शिव आराधना से समूचा पंचकुईया क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। सावन में प्रतिदिन यहाँ सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। महाभारत में वर्णित शिव आराधना के मन्त्रों, ओम नमः शिवाय, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर एवं अन्य सभी ज्योतिर्लिंगों के नाम से यहाँ आठ शिवलिंग पर एक लाख बिल्व पत्र समर्पित किए जा रहे हैं। देश में पहली बार इंदौर में भूतेश्वर महादेव पर इस तरह का अनुष्ठान हो रहा है जिसके दर्शनार्थ भक्तों का मेला जुट रहा है।श्रावण के पहले दिन से ही भगवान शिव को बिल्व पत्र समर्पित करने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहाँ पहुंचकर पुण्य लाभ ले रहे हैं।

## 'आत्मिक सुख ही सर्वश्रेष्ठ सुख हैं'

**दैनिक इंदौर संकेत**

**दिल्ली/इंदौर** • दिगंबर जैन श्रमण-संस्कृति के उन्नायक महाश्रमण पट्ट आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी गुरुदेव* ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रह्मांड में सबसे श्रेष्ठ सुख यदि कोई है तो वह आत्मिक सुख है। आत्मिक सुख शाश्वत और निरंतर होता है। इसके लिए किसी बाह्य साधन या सामग्री की आवश्यकता नहीं होती। आचार्य श्री ने कहा 'यदि सामग्रियों में सुख होता तो सभी धनपति सुखी हो जाते। भोगों में शांति नहीं है। वास्तविक शांति, सुख और शाश्वत आनंद *योग* में है। साधन शून्य साधना ही सुखकारी होती है।'

### इन्द्रिय-सुख क्षणिक और दुखदायी

गुरुदेव ने पांच इन्द्रियों - स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और कर्ण के भोगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन्हीं की लालसा में व्यक्ति भयंकर कष्ट पा रहा है। इन्द्रिय-सुख विनाशी, क्षणिक और नश्वर हैं। यह वास्तव में सुख नहीं, सुखाभास है। 'अंगुल भर की काम इन्द्रिय और चार अंगुल की रसना इन्द्रिय के वश होकर इंसान हैवान बन रहा है। इन्द्रिय-सुख के साधन जुटाने में श्रम, भोगने में पागलपन, वियोग में पीड़ा और भोगने के बाद पश्चाताप ही हाथ लगता है। भोग से कभी संतुष्टि नहीं मिलती, कामनाएं और बढ़ती हैं।'

### भक्ति से मिलती है मुक्ति

आचार्य श्री ने कहा 'भक्ति मुक्ति दातार है। गुरु भक्ति और प्रभु भक्ति से स्वर्ग सुख तो मिलता ही है, साथ में शाश्वत सुख-शांति स्वरूप निर्वाण सिद्धि भी परंपरा से प्राप्त होती है।' राजेश जैन दद्दू ने बताया कि गुरुदेव ने उदाहरण दिया 'जैसे पुष्पों की सुगंध से भौरे और मिश्री की सुगंध से चींटियां स्वयं आ जाती हैं, वैसे ही जहां सच्चे गुरुओं के दिव्य उपदेश होते हैं वहां भक्त स्वयं पहुंच जाते हैं। जहां देवाधिदेव जिनेंद्र की भक्ति होती है वहां स्वर्ग के देव भी आ जाते हैं। 'संस्कार: संतान को सबसे बड़ा उपहार गुरुदेव ने धर्म सभा में अभिभावकों को संदेश देते हुए कहा कि संतान को धन-संपत्ति के साथ-साथ सुसंस्कारों का उपहार भी देना चाहिए। अच्छे संस्कार ही संतान को श्रेष्ठ, योग्य, विनयी, विवेकी और यशस्वी बनाते हैं। 'देश और विश्व को विनाश से बचाना है तो संतान को संस्कारों से भूषित करो। धर्म, सम्प्रदाय, पंथ भिन्न हो सकते हैं पर नैतिक संस्कार सभी में श्रेष्ठ होने चाहिए।

## 6 पिस्टल-9 मैगजीन के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • महू की किशनगंज पुलिस ने मंगलवार को 32 बोर की 6 देशी पिस्टल और 9 मैगजीन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजस्थान निवासी है, जो अवैध हथियारों की तस्करी के लिए कैरियर का काम कर रहा था। पुलिस ने आरोपी से हथियारों समेत करीब 1.40 लाख रुपए की सामग्री जब्त की है। पुलिस ने बताया कि सोमवार (10 अगस्त) की देर रात करीब 3 बजे संदिग्ध हालत में घूम रहे मुकेश को रोकने की कोशिश की गई। पुलिस को देखते ही उसने भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके लाल-काले बैग की तलाशी लेने पर 32 बोर की 6 पिस्तौलें, 9 मैगजीन और एक मोबाइल बरामद हुआ। कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने यह खेप खरगोन जिले के सिगनूर निवासी सिकलीगर से 70 हजार रुपए में खरीदी थी। यह डिलीवरी वह अपने साथी को देने जा रहा था। जांच में सामने आया कि आरोपी इससे पहले भी दो बार हथियारों की सप्लाई कर चुका है।

गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ राजस्थान और पंजाब में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के 7 आपराधिक मामले दर्ज हैं। मामले में मुख्य सप्लायर और खरीदार फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। कार्रवाई में किशनगंज थाना प्रभारी अमित कुमार व उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही।

## पाद-पूजन, अभिषेक-आरती एवं पितृ पर्वत पर पौधरोपण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' का 15वां पुण्यतिथि प्रसंग हरियाली अमावस्या बुधवार, 12 अगस्त को सुबह आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में आश्रम पर कन्या पूजन, संत एवं ब्राह्मण पूजन तथा पुष्पांजलि के अलावा शाम को पितृ पर्वत पर उनकी पुण्य स्मृति में पौधरोपण भी किया जाएगा। विद्याधाम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि आश्रम स्थित 'भगवन' के मंदिर में पाद-पूजन, षोडशोपचार पूजन-अभिषेक-आरती, कन्या पूजन, सौभाग्यवती पूजन तथा संत एवं ब्राह्मणों का पूजन भी किया जाएगा। 'भगवन' को पुष्पांजलि समर्पण हेतु देश-विदेश में कार्यरत उनके अनेक शिष्य भी इस अवसर पर इंदौर आएंगे।

## मनावर में 3 हजार गैस कनेक्शन की ई-केवाईसी अनिवार्य

**दैनिक इंदौर संकेत**

**मनावर** • करीब 3 हजार घरेलू गैस उपभोक्ताओं को 16 अगस्त तक ई-केवाईसी करानी होगी। तय समय सीमा में ई-केवाईसी नहीं कराने पर कनेक्शन को निष्क्रिय श्रेणी में रखा जा सकता है, जिससे घरेलू गैस कनेक्शन से जुड़े लाभ प्रभावित हो सकते हैं। दरबार इंडेन गैस एजेंसी के मैनेजर पप्पू वास्केल ने बताया कि 16 अगस्त तक ई-केवाईसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन निष्क्रिय श्रेणी में रखे जा सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अंतिम तारीख का इंतजार नहीं करने और जल्द प्रक्रिया पूरी कराने की अपील की। गैस कंपनियों की ओर से उपभोक्ताओं को निर्धारित समय सीमा में ई-केवाईसी कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। ई-केवाईसी पूरी नहीं होने की स्थिति में संबंधित कनेक्शन निष्क्रिय श्रेणी में रखा जा सकता है।

## सुक्ता डैम के चार गेट एक-एक मीटर तक खोले, तेज बरसात, गांवों में तालाब ओवरफ्लो

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • मंगलवार सुबह से पानी गिर रहा है। तेज बारिश के हालात बने हुए हैं। शाम 4 बजे तक दो इंच से ज्यादा पानी गिरने का अनुमान है। भगवंत सागर बांध के चार गेट खोल दिए गए हैं। गेटों को एक-एक मीटर तक खोला गया है, जिससे सुक्ता नदी में उफान के हालात हैं। ज्यादातर गांवों के नदी-नाले खतरे के निशान से ऊपर बह रहे हैं। कई जगह तालाब भी ओवरफ्लो हो गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक डॉ. पीके साहा के अनुसार, फिलहाल की स्थिति में सामान्य और तेज बारिश का मिला-जुला असर है। यह स्थिति अगले दो दिन और बनी रहेगी। वहीं, बंगाल की खाड़ी से एक और लो प्रेशर एरिया एक्टिव होने वाला है, जो 14-15 अगस्त से लेकर 17-18 अगस्त (नागपंचमी) तक तेज पानी गिराएगा। इसके बाद बारिश के आसार कम बने हुए हैं। इस सप्ताह भारी बारिश से कोटा पूरा होने की उम्मीद है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री मनमीत सिंह मंडराई के अनुसार, तेज बारिश के बीच भगवंत सागर बांध में पानी की आवक बढ़ी है। मंगलवार दोपहर को बांध के चार गेट खोले गए हैं। चारों गेट (गेट क्रमांक 2, 3, 4 और 5) एक-एक मीटर तक खोले गए हैं। इनके जरिए 11,687.390 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। पानी छोड़ने से सुक्ता नदी में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। बरसात के बीच शहर में जहां सड़कें जलमग्न हो गईं और तीनपुलिया नाला पूरी क्षमता से बहने लगा, वहीं गांवों में भी नदी-नाले उफान पर आ गए।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### तकनीक का दुरूपयोग

तकनीक का अविष्कार होता है जनजीवन को सरल बनाने के लिए। सोशल मीडिया का अवतरण एक बड़ी क्रांति है। भूले-बिसरे दोस्तों, देश-विदेश में फैले रिश्तेदारों के हाल-चाल जानने, उन तक अपनी ख़ैर-ख़बर पहुँचाने और दीन-दुनिया के घटनाक्रमों पर आमजन के अपने विचार रखने के लिए सोशल नेटवर्किंग के रूप में एक उपयुक्त मंच मिल गया है। आपाधापी और भागमभाग से हांफ रहे जीवन को फेसबुक या व्हाट्सएप के बहाने कुछ पल ही सही पर मुस्कराने का मौका तो मिला। नई तकनीक का दुरूपयोग कैसे होता है, कोई हमसे सीखे। देखते-देखते सोशल मीडिया शौक़ से आदत में तब्दील हुआ फिर आदत से नशे में। किसी से भी बात कीजिए उसे समय की दिक़्क़त है पर इस बात का कोई जवाब नहीं कि फेसबुक-व्हाट्सएप पर इतने घंटे कैसे दे पाते हैं ? यहाँ तक भी ठीक है पर जब यह माध्यम आपसी गपशप की जगह चौराहे की चकचक बनने लगा तो सोशल नेटवर्किंग की प्रासंगिकता और प्रामाणिकता पर विचार करना बेहद ज़रूरी हो गया है। फ़ेसबुक पर फेक आईडीज़ की भरमार है। अकाउंट्स हैक कर किसी को शर्मसार करने वाली ऊटपटांग पोस्ट डालना आम बात है। व्हाट्सएप पर आए किसी भी संदेश की सच्चाई जाने बिना उस पर विश्वास करने और उसे कट-पेस्ट कर आगे बढ़ाने में हम एक मिनिट की भी देरी नहीं करते। दिनभर अफवाहें वाइरल होती रहती हैं। जब तक सच अपने जूते के फ़ीते बाँध रहा होता है, झूठ आधी दुनिया की सैर कर चुका होता है। इसमें जितना दोष नई पीढ़ी का है, उतना ही हमारा यानी पुरानी पीढ़ी का भी है। हमने बच्चों को लाइक करना बंद कर दिया है। उनकी गतिविधियों में रूचि लेना, बतियाना और उनकी उपलब्धियों को सराहने का समय हमारे पास नहीं है। नतीजतन वे भी फ़ेसबुक पर लाइक्स की गिनती करने में व्यस्त हो गए हैं। घर के ड्राइंगरूम में छह लोग बैठे होते हैं, और बतरस की जगह सभी सेलरस में लगे होते हैं, नज़र स्क्रीन पर और हाथ की-बोर्ड पर। बचपन के जिगरी दोस्त, सगे रिश्तेदार, पड़ौसी, दुःख-सुख में काम आने वाले अपनों से भी हम बिना बात फेसबुक-व्हाट्सएप पर बहस करते रहते हैं। उन राजनैतिक दलों-नेताओं के लिए आपसी संबंध तोड़ लेते हैं जिनके पर्दे के पीछे एक अलग सांठगाँठ है। न जाने कब यह मोबाइल हमारे बच्चों की गेंद, खेल, महिलाओं की रचनात्मकता का प्रतीक-कढ़ाई, सिलाई-बुनाई चुरा कर ले गया है। समय रहते अगर हम नहीं जागे तो शराब-सिगरेट से भी ख़तरनाक यह नशा सारी मानवता को लील जाएगा।

– जिस क्षण आप उन चीज़ों को वक़्त देना बंद कर देते है, जो आपकी ज़िन्दगी का सुकून हैं- आपको शिखर पर ले आई है; उसी क्षण आप नीचे गिरना शुरू कर देते हैं। धन्यवाद -**सतीश शर्मा**

स्वतंत्रता दिवस विशेष

## एक राष्ट्र, एक तिरंगा, लेकिन हर युग में स्वतंत्रता की अलग परीक्षा

तिरंगे की छांव में खड़े होकर अब केवल बीते संघर्षों को याद करना पर्याप्त नहीं, बल्कि यह जानना भी जरूरी है कि आज हम कितने स्वतंत्र हैं। 15 अगस्त उस ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है, जिसने हमें विदेशी शासन से मुक्ति दिलाई, लेकिन बदलती दुनिया में स्वतंत्रता की परिभाषा भी बदल रही है। 2026 का भारत ऐसी चुनौतियों के दौर में प्रवेश कर चुका है, जहाँ कृत्रिम बुद्धिमत्ता विचारों को प्रभावित कर रही है, जलवायु परिवर्तन जीवन के आधारों को चुनौती दे रहा है और डिजिटल संसार हमारी पहचान व निर्णयों पर प्रभाव डाल रहा है। ऐसे समय में आज़ादी का अर्थ केवल बाहरी नियंत्रण से मुक्त होना नहीं, बल्कि अपनी सोच, अपने ज्ञान, अपने संसाधनों और अपनी तकनीकी क्षमता पर अधिकार स्थापित करना भी है। यह दिन केवल गौरव के पन्ने पलटने का नहीं, बल्कि यह पूछने का अवसर है कि आधुनिक युग में हम अपनी स्वतंत्रता को कितना सार्थक और सुरक्षित बना पाए हैं।

गुलामी के पुराने दरवाजे टूट चुके हैं, लेकिन नई बेड़ियाँ अब दिखाई नहीं देतीं। आज की पीढ़ी ने वह दौर नहीं देखा जब स्वतंत्रता के लिए संघर्ष सड़कों पर लड़ा गया था, पर अब उसका सामना ऐसे अदृश्य प्रभावों से है जो सोच और निर्णयों तक पहुंच बना चुके हैं। डिजिटल संसार में एल्गोरिद्म चुपचाप हमारी पसंद, हमारी रुचियों और हमारे विचारों की दिशा तय करने लगे हैं। हम क्या देखें, क्या चुनें और किस विषय पर कैसी प्रतिक्रिया दें, इसका नियंत्रण कई बार तकनीकी व्यवस्थाओं के हाथों में चला जाता है। यही आधुनिक युग का डिजिटल उपनिवेशवाद है, जहाँ कब्जा जमीन पर नहीं, बल्कि सूचनाओं और व्यवहार पर होता है। आज डेटा सबसे मूल्यवान शक्ति बन चुका है। इसलिए आने वाले समय की वास्तविक स्वतंत्रता वही होगी, जब हर नागरिक अपनी डिजिटल पहचान, अपनी सूचनाओं और अपने निर्णयों का स्वयं स्वामी होगा। जिस धरती ने हमें पहचान दी है, उसकी रक्षा के बिना कोई भी स्वतंत्रता पूर्ण नहीं हो सकती। राष्ट्र की मजबूती केवल सीमाओं की चौकसी से नहीं, बल्कि खेतों, नदियों और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा से भी तय होती है। आज किसान की चिंता, प्रदूषित शहरों की हवा और संकट में आती जलधाराएँ संकेत दे रही हैं कि विकास की रफ्तार में प्रकृति की अनदेखी भारी पड़ सकती है। 2026 में जलवायु परिवर्तन हिमालय से लेकर जल स्रोतों तक अपना प्रभाव दिखा रहा है, ऐसे समय में पर्यावरण बचाना ही आधुनिक भारत



की सबसे बड़ी देशभक्ति है। जिस मिट्टी पर हमारा अस्तित्व टिका है, यदि वही कमजोर हो जाएगी तो उपलब्धियों की चमक भी फीकी पड़ जाएगी। वास्तविक स्वतंत्रता वही है, जो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, सुरक्षित जल और जीवन देने वाली धरती सौंप सके।

भारत का युवा आज इतिहास की छाया में नहीं, भविष्य की अनिश्चित राहों पर खड़ा है। उसके पास सपनों की उड़ान है, लेकिन साथ ही अवसरों की कमी, रोजगार की चुनौती और बदलते समय का मानसिक दबाव भी है। स्वतंत्रता दिवस पर उसे केवल बीते संघर्षों की वीरगाथाएँ सुनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसके वर्तमान के प्रश्नों को समझना भी जरूरी है। नई पीढ़ी को केवल गौरवशाली अतीत का परिचय नहीं, बल्कि विचारों को व्यक्त करने की आज़ादी, सवाल उठाने का साहस और अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर चाहिए। क्योंकि जिस समाज में जिज्ञासा दबा दी जाती है और हर आवाज केवल सहमति में बदल जाती है, वहाँ स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगता है। किसी राष्ट्र का तिरंगा तभी पूरी ऊंचाई से लहराता है, जब उसकी अर्थव्यवस्था भी आत्मविश्वास के साथ खड़ी हो। आज की जुड़ी हुई वैश्विक व्यवस्था में एक देश का संकट दूसरे देशों की गति को प्रभावित कर सकता है। ऐसे दौर में आत्मनिर्भरता केवल एक विचार नहीं, बल्कि आने वाले भारत की मजबूती का आधार है। स्थानीय उद्योगों, छोटे उद्यमियों, पारंपरिक हुनर और आधुनिक तकनीक को नई शक्ति देना ही 21वीं सदी का वास्तविक आर्थिक संघर्ष है। जब भारत अपने उत्पादों, ऊर्जा स्रोतों और तकनीकी क्षमता पर भरोसा करना सीख जाएगा, तभी आर्थिक स्वतंत्रता का लक्ष्य पूरा होगा। आत्मनिर्भर भारत का अर्थ दुनिया से दूरी बनाना नहीं, बल्कि अपनी क्षमता के बल पर दुनिया के साथ बराबरी से आगे बढ़ना है।

आज़ादी का सबसे बड़ा उत्सव तब पूरा होगा, जब हर भारतीय के भीतर से विभाजन की दीवारें भी गिर जाएँगी। बाहरी बंधनों से मुक्ति मिलना इतिहास की बड़ी उपलब्धि थी, लेकिन मन के संकुचित दायरों से बाहर निकलना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के छोटे-छोटे खांचों में बंटा समाज कभी पूरी स्वतंत्रता का अनुभव नहीं कर सकता। आधुनिक समय में सोशल मीडिया ने संवाद के नए रास्ते खोले हैं, लेकिन कई बार वही माध्यम दूरियों को बढ़ाने का कारण भी बन जाते हैं। अलग सोच रखने वाला विरोधी नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण है। 15 अगस्त हमें याद दिलाता है कि भारत की पहचान उसकी विविधता को जोड़ने वाली भावना में है। राष्ट्र सीमाओं से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, सम्मान और साथ चलने के संकल्प से मजबूत बनता है। जिस दिन मन से भेदभाव और पूर्वाग्रह हट जाएंगे, उसी दिन स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ साकार होगा। भविष्य की लड़ाई अब तकनीक हासिल करने की नहीं, बल्कि तकनीक के बीच इंसान बने रहने की होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने संभावनाओं के नए द्वार खोले हैं, लेकिन इसके साथ यह सवाल भी खड़ा है कि सुविधा बढ़ने के साथ कहीं हमारी स्वतंत्र सोच कम तो नहीं हो रही। मशीनें काम को तेज कर सकती हैं, जानकारी दे सकती हैं और रास्ते सुझा सकती हैं, लेकिन निर्णयों में संवेदना, नैतिकता और मानवीय समझ का स्थान नहीं ले सकतीं। सच्ची स्वतंत्रता वही होगी, जहाँ तकनीक हमारी उन्नति का साधन बने, हमारे विचारों की दिशा तय करने वाली शक्ति नहीं। 2026 का भारत उस नए दौर की ओर बढ़ रहा है, जहाँ विकास की ऊंचाई को मानवीय मूल्यों की गहराई के साथ जोड़ना ही सबसे बड़ी राष्ट्रीय जिम्मेदारी होगी। स्वतंत्रता का उत्सव उस दिन सार्थक होगा, जब तिरंगे के सम्मान के साथ हम अपने दायित्वों का मूल्य भी समझेंगे। 15 अगस्त केवल परंपराओं को निभाने का अवसर नहीं, बल्कि यह विचार करने का समय है कि हमने मिली हुई आज़ादी को कितना मजबूत बनाया है। स्वतंत्रता कोई एक क्षण में हासिल हुई उपलब्धि नहीं, बल्कि हर युग में नई चुनौतियों के बीच सुरक्षित रखी जाने वाली चेतना है। आज इसकी रक्षा हमारी सोच की स्वतंत्रता, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, तकनीकी आत्मनिर्भरता, आर्थिक मजबूती और भविष्य के प्रति जिम्मेदार निर्णयों में दिखाई देती है। 2026 का यह पर्व केवल बीते संघर्षों को नमन करने तक सीमित नहीं, बल्कि नए भारत की दिशा तय करने का अवसर है। जब नागरिक जागरूक होकर अपनी भूमिका निभाएंगे, तभी तिरंगे की लहराती शान स्वतंत्रता के वास्तविक अर्थ को दुनिया तक पहुंचाएगी।

**कृति आरके जैन,** शिक्षाविद्
बड़वानी (मप्र)

चाबी मत छीनिए साहब, व्यवस्था की चाबी ढूंढिए

## इंदौर की सड़कों पर कानून का डर नहीं, नियमों के सम्मान की संस्कृति चाहिए

**इंदौर** की सड़कों पर रोज हजारों लोग ट्रैफिक नियम तोड़ते हैं। कोई लालबत्ती पार करता है, कोई गलत दिशा में वाहन दौड़ाता है, कोई हेलमेट नहीं पहनता तो कोई सड़क को ही पार्किंग बना देता है। इन सब पर कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन सवाल यह है कि कानून लागू करने का तरीका क्या हो।

यातायात व्यवस्था का अर्थ केवल चालान काटना और वाहन रोकना नहीं है। व्यवस्था तब बनती है, जब पुलिस का अधिकार, नागरिक का कर्तव्य और प्रशासन की जवाबदेही, तीनों एक साथ दिखाई दें।

माननीय उच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणी इसी बुनियादी सवाल की ओर संकेत करती है। सड़क पर किसी वाहन चालक की चाबी छीन लेना, उसके साथ अभद्र व्यवहार करना या उसे सार्वजनिक रूप से अपमानित करना कानून के शासन की छवि मजबूत नहीं करता। उलटे, इससे आम नागरिक के आत्मसम्मान को चोट लगती है और पुलिस के प्रति उसके मन में भय के बजाय आक्रोश और अविश्वास पैदा हो सकता है।

यह बात भी उतनी ही स्पष्ट होनी चाहिए कि पुलिस के अधिकारों की बात करते समय नागरिकों के कर्तव्यों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गलत दिशा में वाहन चलाना, सिग्नल तोड़ना, फुटपाथ या सड़क पर पार्किंग करना, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट वाहन चलाना, ये केवल छोटी या नजरअंदाज किए जाने लायक मामूली गलतियां नहीं हैं। इनके कारण किसी दूसरे की जान जोखिम में पड़ सकती है।

इसलिए इंदौर को पुलिस बनाम जनता की लड़ाई नहीं, बल्कि पुलिस और जनता की साझेदारी चाहिए।

लेकिन इसके लिए पुलिसकर्मियों की कार्यस्थितियों पर भी ईमानदारी से बात करनी होगी। घंटों धूप, धूल, धुएं, शोर और प्रदूषण के बीच खड़े रहना, लगातार जाम और दुर्घटनाओं से जूझना तथा हर दिन नियम तोड़ने वाले लोगों से सामना करना आसान काम नहीं है। ऐसे में यातायात पुलिस के लिए नियमित तनाव प्रबंधन, व्यवहार-कौशल और सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण की जरूरत है।

और एक सवाल प्रशासन से भी, क्या सड़क पर अच्छा व्यवहार करने वाले नागरिक को कभी कोई 'धन्यवाद' मिलेगा। हमारी पूरी व्यवस्था उल्लंघन खोजने और चालान काटने में इतनी व्यस्त है कि नियम मानने वाले लाखों नागरिक अदृश्य हो गए हैं। क्यों न सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट, सीट बेल्ट, सिग्नल और लेन अनुशासन का पालन करने वालों को सार्वजनिक रूप से प्रोत्साहित किया जाए।

चालान से खजाना भरता है, लेकिन सम्मान से व्यवहार सुधरता है। अतः इंदौर को ऐसी यातायात व्यवस्था चाहिए जिसमें पुलिसकर्मी नागरिक को अपराधी समझकर नहीं, जिम्मेदार नागरिक समझकर पेश आए और नागरिक पुलिस को बाधा नहीं, सुरक्षा व्यवस्था का साथी समझे।

चाबी छीनकर सड़क पर अनुशासन नहीं आएगा। व्यवस्था की असली चाबी है, सम्मान, संयम, तकनीक, निष्पक्ष कार्रवाई और नागरिक जिम्मेदारी।

इंदौर की सड़कें तभी सचमुच स्मार्ट कहलाएंगी, जब यहां नियम तोड़ने वाले से सख्ती और नियम मानने वाले से सम्मान, दोनों साथ दिखाई देंगे।

– **राजकुमार जैन,** स्वतंत्र चिंतक एवं यातायात प्रबंधन विशेषज्ञ

# आंचलिक

## 7 सितंबर को बाबा धारनाथ निकलेंगे अपनी प्रजा का हाल जानने

धर्म स्थान रक्षक मंडल की बैठक संपन्न

**अजय नलवाया (7879800048)**

**धार ● दैनिक इंदौर संकेत**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान धारनाथ धारेश्वर महादेव,श्रावण माह की समाप्ति के बाद भादौ के दूसरे सोमवार को शाही पालकी में नगर भ्रमण पर निकलेंगे। धर्म स्थान रक्षक मंडल के तत्वावधान में निकलने वाली शाही पालकी को लेकर समिति की एक बैठक मंडल अध्यक्ष डॉ शरद विजयवर्गीय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समिति के महामंत्री ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 7 सितंबर को शाम 4 बजे धारेश्वर मंदिर प्रांगण से बाबा धारनाथ शाही पालकी में नगर भ्रमण करेंगे। परंपराओं को निभाने के लिए मांझी समाज के युवा पालकी को कंधे पर उठाकर नगर भ्रमण कराएंगे। इस दिन धार शहर की धर्म प्रेमी जनता बाबा धारनाथ धारेश्वर महादेव बाबा के आगे मत्था टेकेगी और दर्शन करेंगी। बाबा की पालकी शाही होकर बाबा के आगे बैंड, ढोल, झांझ मजीरे के शाही अंदाज में निकलेगी। इसके पूर्व भगवान धारेश्वर के पूजन पश्चात परंपरा अनुसार गार्ड आफ आनर दिया जाएगा। इसके पश्चात भगवान धारनाथ प्रजा का हाल जानने निकलेंगे। इसके तहत सभी धर्म प्रेमी जनता अपने-अपने घरों से ही दर्शन का लाभ लेंगे। शाही पालकी छबीना का मार्ग छत्रीपाल चौराहा, हटवाड़ा, पीपली बाजार, आनंद चौपाटी,



धानमंडी, कश्यप भवन, बख्तावर मार्ग, मोहन टाकीज, उटावद दरवाजा, सेनापति मार्ग,पट्ठा चौपाठी, नालछा दरवाजा, पौ चौपाटी, राजबाड़ा, आनंद चौपाटी, शनिगली से होकर पुनः धारेश्वर मंदिर तक रहेगा। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी आशुतोष विजयवर्गीय द्वारा 11 हजार अभिमंत्रित रुद्राक्ष का भी वितरण किया जाएगा। बैठक में गत वर्ष का आय व्यय का हिसाब प्रस्तुत कर आगामी कार्य योजना बनाई गई। बैठक में श्री धर्म स्थान रक्षक मंडल समिति अध्यक्षः डॉ. शरद विजयवर्गीय, महामंत्री ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, सचिव अजय सिंह ठाकुर सहित प्रमुख पदाधिकारी संरक्षक द्वारका अग्रवाल, उपाध्यक्ष भगवानदास मालवीय, शशि श्रीवास्तव, कन्हैया लाल यादव, कोषाध्यक्ष बलवीर सिंह अरोरा, मंत्री ईश्वरसिंह ठाकुर, पूनम चंद फकीरा,आशुतोष विजयवर्गीय, लखन शर्मा, राकेश चौहान,संतोष शर्मा,यश वर्धन, राजेंद्र राठौर, अर्जुन यादव, भारत डोड, अशोक चोरे सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## तेज बारिश से नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा, अपरवेदा के दो गेट डेढ़-डेढ़ मीटर खोले

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिले में मंगलवार सुबह से रुक-रुककर तेज बारिश हो रही है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जोरदार बारिश हुई। कई सड़कों पर आधा से एक फीट तक पानी भर गया। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई। पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण वेदा, कुंदा सहित अन्य नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। वेदा के निचले हिस्सों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए मंगलवार दोपहर 12 बजे अपरवेदा जलाशय का एक गेट आधा मीटर खोला गया था। इसके बाद दोपहर 4 बजे दो गेट डेढ़-डेढ़ मीटर खोल दिए गए। एनवीडीए के सहायक यंत्री शुभम दुबे ने बताया कि जलाशय के निचले हिस्सों में लोगों को सतर्क किया गया है। ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत के माध्यम से लोगों से पुल, पुलिया और रपटों से दूर रहने की अपील की गई है। लगातार बारिश के कारण खरगोन शहर के कई हिस्सों में सड़कों पर पानी भर गया। कहीं आधा फीट तो कहीं करीब एक फीट तक पानी जमा हुआ। इससे दोपहिया वाहन चालकों और पैदल लोगों को परेशानी हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश का असर दिखाई दिया। पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश से नदी-नालों में पानी की आवक बढ़ गई है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## बाग ब्लॉक की 5 पंचायतों को मिला पेयजल टैंकर, सांसद निधि से भाजपा नेताओं ने किए वितरित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**कुक्षी** ● बाग ब्लॉक की पांच ग्रामीण पंचायतों को क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर की सांसद निधि से पेयजल टैंकर उपलब्ध कराए गए हैं। मंगलवार को भाजपा मंडल नेताओं ने इन टैंकरों को संबंधित पंचायतों के सरपंचों और जनप्रतिनिधियों को सौंपा। कुडूजेता, जामला, अखाड़ा, कनेरी और चिचबा ग्राम पंचायतों को एक-एक पेयजल टैंकर दिया गया। इन टैंकरों का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले मांगलिक कार्यक्रमों, नुक्ता और अन्य आयोजनों में पानी की आपूर्ति के लिए किया जा सकेगा। इससे पहले ऐसे आयोजनों में ग्रामीणों को पानी के टैंकर किराए पर मंगाने पड़ते थे। वितरण कार्यक्रम के दौरान मिठाई भी बांटी गई।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया ने बताया कि सांसद निधि से कुल पांच पेयजल टैंकर उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन पंचायतों को टैंकर मिले हैं, वहां ग्रामीणों के कार्यक्रमों में जरूरत के अनुसार इन्हें उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में शेष पंचायतों को भी सांसद निधि से पेयजल टैंकर उपलब्ध कराने की बात कही गई है। टैंकर उपलब्ध कराने के लिए सांसद सावित्री ठाकुर का आभार भी



जताया गया।

वितरण कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया, श्याम उस्ताद, धर्मेंद्र बामनिया, अभयसिंह मंडलोई, अंकित झंवर, सुरेश रावत, डॉ. विवेक राठौड़, संतोष बाहेती, अमरसिंह, प्रताप डावर, रौनक राठौड़ और वेदांश अगाल सहित कई भाजपा नेता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित की

धार जिले के 63,617 हितग्राहियों के खातों में पहुँचे सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 3.81 करोड़ से अधिक रुपए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेशभर के सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाड़ली बहनों के खातों में डीबीटी के जरिए राशि अंतरित की। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत धार जिले के कुल 63,617 सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 3,81,70,200 रुपए की राशि सफलतापूर्वक पहुँचाई गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल से मंगलवार को समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के लगभग 35 लाख हितग्राहियों के खातों में कुल 211.53 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की, जिससे धार जिले के हजारों पात्र नागरिक लाभान्वित हुए। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के एलपीजी कनेक्शनधारी प्रदेश की 22 लाख लाड़ली




बहनों के खातों में लगभग 99 करोड़ रुपए की अनुदान राशि भी सिंगल क्लिक से भेजी गई।

धार कलेक्ट्रेट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में जिला कलेक्टर राजीव रंजन मीना की उपस्थिति में संबंधित अधिकारी और स्थानीय हितग्राही जुड़े रहे। इस दौरान कलेक्टर मीना द्वारा जिले के विभिन्न हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन स्वीकृति के प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। इस योजना के क्रियान्वयन से धार जिले के वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और निराश्रित नागरिकों को आर्थिक संबल प्राप्त हुआ है।

## इंदिरा सागर डैम क्षेत्र में मछली पकड़ने घुसे 12 लोग, सीआईएसएफ की टीम ने पकड़ा



**दैनिक इंदौर संकेत**


**खंडवा** ● इंदिरा सागर डैम के अति संवेदनशील और प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना अनुमति मछली पकड़ने पहुंचे 12 लोगों के खिलाफ सीआईएसएफ ने कार्रवाई की है। सोमवार को हुई दो अलग-अलग कार्रवाइयों में सीआईएसएफ ने सभी को मौके से पकड़ा। इनके कब्जे से कुल 6 बाइक, 6 मोबाइल फोन, 28 फिशिंग हुक, 6 कपड़े के बैग और अन्य सामान जब्त किया गया है। कार्रवाई के बाद आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द किया गया, जहां उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक, इंदिरा सागर डैम क्षेत्र में गश्त के दौरान सुरक्षा गार्ड मितेश कुमार की नजर कुछ लोगों पर पड़ी। उन्होंने देखा कि करीब 10 लोग पांच दोपहिया वाहनों से डैम क्षेत्र के लगभग 300 मीटर अंदर प्रतिबंधित क्षेत्र में पहुंच गए थे। इनमें एक किशोर भी शामिल था। सूचना मिलने के बाद सीआईएसएफ के बल सदस्यों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सभी लोगों को नियंत्रित किया। इसके बाद आरोपियों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास से 5 बाइक, 4 मोबाइल फोन, 28 मछली पकड़ने के कांटे और 6 कपड़े के बैग बरामद हुए। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक मौके से मछली या मछली पकड़ने का जाल बरामद नहीं हुआ।

## इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर रांग साइड दौड़ीं स्कूल बसें

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ● इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह यातायात पुलिस ने रॉन्ग साइड चल रही स्कूल बसों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने मॉडर्न अकैडमी हायर सेकेंडरी स्कूल की दो बसों को रोककर चालान किया। दोनों बसों से कुल 4 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बस संचालक और वाहन मालिक को मौके पर बुलाकर रॉन्ग साइड ड्राइविंग से होने वाले हादसों और उसके गंभीर परिणामों के बारे में समझाइश दी। मंगलवार सुबह यातायात पुलिस की टीम ने इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की जांच के दौरान स्कूल बसों को रॉन्ग साइड चलते हुए देखा। जांच के दौरान मॉडर्न अकैडमी हायर सेकेंडरी स्कूल की दो बसों को रोका गया। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दोनों बसों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 4 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला। कार्रवाई के बाद पुलिस ने बस संचालक और वाहन मालिक को भी मौके पर बुलाया। अधिकारियों ने उन्हें रॉन्ग साइड वाहन चलाने से होने वाले संभावित हादसों के बारे में जानकारी दी।

छाई हरियाली...



इंदौर। शहर में हो रही रिमझिम बारिश के चलते चारों ओर हरियाली छा गई।

## 350 से ज्यादा संपत्तियों के रिकॉर्ड में निकली गड़बड़ी

# नामांतरण घोटाले में अब एफआईआर की तैयारी, शासन से मिला पूरा डाटा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नगरनिगम के बहुचर्चित नामांतरण घोटाले में अब कार्रवाई आगे बढ़ने वाली है। घोटाले की जांच के लिए बनाई गई तीन सदस्यीय समिति के साथ शासन के आईटी एक्सपर्ट को भी जांच में शामिल किया गया था। निगम सूत्रों के मुताबिक ई-नगर पालिका पोर्टल से घोटाले से जुड़ा लगभग पूरा डाटा अब निगम को मिल चुका है। डाटा एनालिसिस और दस्तावेजों की पड़ताल के बाद जिम्मेदार लोगों की पहचान की जाएगी और दोषियों के खिलाफ जल्द एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने मंगलवार सुबह नामांतरण घोटाले को लेकर कहा कि पोर्टल से रिकॉर्ड और डाटा हासिल करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। अब इसकी जांच की जा रही है। जो भी व्यक्ति इस गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार पाया जाएगा, उसके खिलाफ एफआईआर सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**तीन सदस्यीय समिति कर रही जांच**-घोटाला सामने आने के बाद निगमायुक्त ने तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई थी। इसमें अपर आयुक्त आकाश सिंह, अर्थ जैन और आईटी विभाग के कपिल गहलोत को शामिल किया गया। इसके बाद शासन स्तर से आईटी एक्सपर्ट की मदद भी ली गई। निगम ने कुछ लोगों को नोटिस देकर संपत्तियों की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ में संबंधित लोगों ने संपत्तियां उनके नाम होने की जानकारी से ही इनकार किया। अब निगम की जांच में सबसे अहम कड़ी ई-नगरपालिका पोर्टल का डाटा, यूजर आईडी, लॉगिन टाइम और संपत्तियों के दस्तावेज होंगे। इसी के आधार पर यह तय होगा कि फर्जी नामांतरण किसने किए और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल थे। निगमायुक्त के एफआईआर के संकेत के बाद अब इस मामले में जल्द बड़ी कार्रवाई की उम्मीद है।

### 350 से ज्यादा संपत्तियों में बदले गए नाम

दरअसल, निगम में नामांतरण से जुड़ी गड़बड़ी सामने आने के बाद हड़कंप मच गया था। जांच में 350 से ज्यादा संपत्तियों के नामांतरण में अनियमितता सामने आने की बात कही गई। खास बात यह थी कि इनमें से कई संपत्तियों के वास्तविक मालिकों को इस बात की जानकारी तक नहीं थी कि निगम के संपत्ति कर रिकॉर्ड में उनका नाम कब और कैसे बदल गया। मामले की गंभीरता इसलिए और बढ़ गई क्योंकि इनमें से 51 संपत्तियां नामांतरण के बाद बेची भी जा चुकी थीं।

# रात में कई जगह तेज बारिश, पारा लुढ़का

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में सावन का महीना अपने पूरे शबाब पर नजर आ रहा है। मंगलवार को दिनभर रुक-रुककर फुहारों का दौर जारी रहा, वहीं देर रात शहर के कई हिस्सों में तेज बारिश की बौछारें गिरीं। दिनभर छाए बादलों और ठंडी हवाओं के चलते अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जिससे शहरवासियों को उमस से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया। शहर में दिनभर सावन के सेरे और हल्की फुहारें चलती रहीं। शाम ढलते ही मौसम बदला और देर रात कई इलाकों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई। लगातार बारिश और बादलों के डेरे के कारण पारा लुढ़क गया, जिससे दिनभर ठंडी हवाओं की

भले ही फुहारों और हल्की बारिश ने मौसम में ठंडक घोल दी है, लेकिन किसान और आम नागरिक अभी भी एक बड़े और मूसलाधार स्पेल का इंतजार कर रहे हैं। जल स्त्रोतों और तालाबों को पूरी तरह भरने के लिए एक अच्छी झमाझम बारिश की सख्त दरकार है।

### दिन भर में 1.8 मिमी

सोमवार के बाद मंगलवार को भी सुबह से बादल छाए रहे और दिन में फुहारें ही देखने को मिली। घर से निलने वाले लोग पसोपेश में रहे कि रेनकोट पहनकर निकले या नहीं क्योंकि फुहारें काफी धीमी थी, जिससे खुले में घुमने पर भी पूरी तरह भीगने में काफी समय लग जाता। इसलिए कई लोग बिना रेन कोट, छाते के ही घुमते हुए नजर आए। दिन भर में 1.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। अब तक कुल 417.1 मिमी (16.42 इंच) बारिश दर्ज हुई है। सोमवार को सुबह से मंगलवार सुबह तक लगभग आधा इंच बारिश हुई थी।

# निगम की करोड़ों रुपए की कचरा गाड़ियों के लिए भंगार में आए कोड़ियों के दाम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नगर निगम के कई विभागों के अधीन चलने वाली गाड़ियों से लेकर कई कचरा उठाने वाले वाहन जो भंगार हो चुके थे, उनकी नीलामी की प्रक्रिया कल से फिर शुरू की गई। हालत यह रही कि निगम की इन गाड़ियों के लिए भंगार की भी कीमत नहीं मिली। निगम की 147 छोटी-बड़ी गाड़ियों की नीलामी की बोली लगी, जिसमें 1 करोड़ 20 लाख रुपए तक के ऑफर आए। आज फिर दूसरे चरण में नीलामी की प्रक्रिया होगी और उसके बाद इसे फाइनल किया जाएगा।

नगर निगम में वर्षों पहले शहर में कचरा उठाने का काम संभालने वाली एटूझेड कंपनी को करीब 300 से ज्यादा वाहन दिए गए थे और करार खत्म होने तक कंपनी ने सारे वाहन भंगार कर दिए थे। भंगार वाहन ट्रेंचिंग ग्राउंड से लेकर कई अन्य झोनलों पर पटक दिए गए थे। लावारिस हालत में पटके



गए वाहनों की हालत और खराब हो गई तो बाद में फिर उन्हें ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा दिया गया। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक करीब 147 छोटी-बड़ी गाड़ियां हैं। इनमें सर्वाधिक कचरा उठाने वाले वाहन हैं, जो अब पूरी तरह भंगार हो गए हैं और इनमें से कई वाहन ऐसे हैं, जिनकी शासन के नियमों के मान से भी मियाद खत्म हो चुकी है। कई विभागों के अफसरों की कमेटी बनाकर इसकी नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई थी। कल दूसरे चरण में खटारा और भंगार वाहनों की नीलामी की बोली लगी। अफसरों के मुताबिक 1 करोड़ 20 लाख तक की बोली इन गाड़ियों के लिए लगाई गई और आज फिर नीलामी का क्रम जारी रहेगा। अगर आज फिर राशि बढ़कर मिलती है तो इसे फाइनल कर दिया जाएगा, अन्यथा पुरानी बोली पर कमेटी निर्णय लेगी। नगर निगम ने कई दिनों से वाहनों के साथ-साथ भंगार सामान की भी नीलामी की थी, जो नगर निगम के अलग-अलग गोडाउनों में पड़ा था।

# 200 करोड़ घोटाले में घिरे एलएनसीटी ग्रुप के कॉलेज में नहीं मिली स्कॉलरशिप

## छात्रों ने की शिकायत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आस्था फाउंडेशन के तहत आने वाले एलएनसीटी ग्रुप की ईडी और ईओडब्ल्यू जांच चल रही है। मामला 200 करोड़ की आर्थिक अनियमितता का है। अब एक और विवाद संस्थान में आ गया है। यहां के छात्रों को तीन साल से स्कॉलरशिप की राशि नहीं मिली है।

भोपाल का एलएनसीटी ग्रुप पहले ही जांच के घेरे में है। सितंबर 2025 में आस्था फाउंडेशन जिसके तहत एलएनसीटी ग्रुप आता है, इसमें 200 करोड़ के घोटाले के आरोप में ईओडब्ल्यू ने एफआईआर दर्ज की। इसके बाद ईडी ने भी मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर छापेमारी की। अब इस ग्रुप के कॉलेज के खिलाफ स्कॉलरशिप को लेकर शिकायत हुई है। मंगलवार को कलेक्टोरेट इंदौर में 200 से ज्यादा छात्र पहुंचे। इन्होंने इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा को एलएनसीटी ग्रुप को लेकर लिखित शिकायत दी। छात्रों ने बताया कि उन्हें तीन साल से स्कॉलरशिप नहीं मिल रही है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा एससी, एसटी और ओबीसी कैटेगरी में यह स्कॉलरशिप दी जाती है।

**कॉलेज तीन साल से टाल रहा**-छात्रों ने कलेक्टर को बताया कि कॉलेज प्रबंधन तीन साल से यह राशि नहीं दे रहा है। कहा जा रहा है कि भोपाल से ही यह राशि जारी नहीं हो रही है। लगातार हमें कहा जा रहा है कि हम बात कर रहे हैं, विभाग में बात कर रहे हैं, जल्द हो जाएगी। लेकिन इसे लेकर अभी तक कुछ नहीं हुआ और यह तीसरा साल है जब अभी तक हमें स्कॉलरशिप नहीं मिली है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि इसकी शिकायत बच्चों ने की है। हम इसे दिखवा रहे हैं कि आखिर किस कारण से उन्हें स्कॉलरशिप नहीं मिली है।

# वक्फ बोर्ड गठन के लिए रात में 1 बजे जारी हुई नोटशीट को दी गई चुनौती

## हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव और बोर्ड सीईओ समेत चार से मांगा जवाब

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**जबलपुर** ● मप्र हाईकोर्ट ने मंगलवार को उस मामले पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, जिसमें वक्फ बोर्ड गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि इस प्रक्रिया की नोटशीट पर देर रात 1 बजे दस्तखत हुए, जो दिन में भी हो सकते थे। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने मामले पर फिलहाल राज्य के मुख्य सचिव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रमुख सचिव, उप सचिव और वक्फ बोर्ड के सीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई 28 सितंबर को होगी। सिवनी के शोएब राजा खान की याचिका में 4 जुलाई 2026 को जारी अधिसूचना को चुनौती दी गई है। याचिका में दावा किया गया है कि 03 जुलाई 2026 को बोर्ड के चार सदस्यों (फैजान खान, डॉ. सनवर पटेल, फातिमा चौधरी और डॉ. इनाउर रहमान) ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। इसके ठीक अगले ही दिन, यानी 4 जुलाई 2026 को राज्य सरकार ने नोट-शीट चलाकर न केवल उनके इस्तीफे स्वीकार किए।

### पहली बार दो गैर मुस्लिम सदस्य शामिल

*वक्फ बोर्ड के इतिहास में पहली बार दो गैर मुस्लिम सदस्यों को शामिल किया गया है। 4 जुलाई 2026 को हुईं नियुक्तियों में सनवर पटेल को अध्यक्ष, नजमा हेपतुल्ला, आतिफ अकील, फैजान खान, फातिमा चौधरी, शाइस्ता सुल्तान, शबाना खान, मनोज मालपाणी, अनिमेष भार्गव को सदस्य और पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग के आयुक्त को पदेन सदस्य बनाया गया है।*

# धार में फिर उठा तनाव, अब कमाल मौला दरगाह को लेकर मुस्लिम समाज आया सामने

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भोजशाला के मामले को लेकर धार में फिर तनाव की स्थिति बन रही है। मुस्लिम समाज ने हिंदूवादी नेताओं पर आरोप लगाते हुए पुलिस और प्रशासन को लिखित शिकायत की है। इसमें जांच की मांग की गई है।

धार भोजशाला के पास नमाज का मामला सुप्रीम कोर्ट की दखल के बाद फिलहाल तय हो गया है। लेकिन अब नया विवाद पनप गया है। मुस्लिम समाज ने हिंदूवादी नेताओं के खिलाफ धार कलेक्टर राजीव मीणा के साथ ही कोतवाल थाना धार में शिकायत की है।

इसमें हिंदूवादी नेताओं पर आरोप लगाए गए हैं कि कमाल



मौला दरगाह को लेकर धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले काम कर रहे हैं।

**सरस्वती लोक बनाने की बात कही** -शिकायत में कहा गया है कि दरगाह व दरगाह परिसर के बाहर खड़े होकर हिंदूवादी नेता आशीष बसु, गोपाल शर्मा, सुमित, अशोक जैन व उनके साथी दरगाह को लेकर आपत्तिजनक बातें कहते हैं। संत बाबा कमालउद्दीन चिश्ती को लेकर अपमानजनक शब्द कहने से मुस्लिम समाज की आस्था को ठेस पहुंचती है। कहा जाता है कि दरगाह व आसपास की जमीन तोड़ी जाएगी और यहां पर सरस्वती लोक बनाएंगे, सरस्वती मंदिर बनाएंगे। साथ ही बेदखल करने की धौंस दी जा रही है।

**नहीं तो हम दरगाह के पास धरना देंगे**-मुस्लिम समाज के सदर अब्दुल समद ने कहा कि कुछ लोग धार का माहौल गंदा कर रहे हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट गया है और वहां हम न्यायिक लड़ाई लड़ रहे हैं। इसी मामले को लेकर कलेक्टर को हमने कहा है कि हमारी बातों पर ध्यान दिया जाए, ऐसा नहीं होने पर अगले शुक्रवार से दरगाह पर धरने पर बैठेंगे।

# फूटी कोठी चौराहा अवैध सब्जी मंडी स्थानीय रहवासियों के लिए बनी मुसीबत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम यूं तो शहर में थोड़ा सा भी अवैध कब्जा होता है तो इंदौर नगर निगम की येलो गैंग और उसके अधिकारी कर्मचारी कहर बरसा देते हैं। इसी 8 बार देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के फूटी कोठी चौराहा की अवैध सब्जी मंडी इन नियम पसंदो को आँख दिखा रही है कि हिम्मत है तो सड़क, सर्विस रोड से ये अवैध कब्जा हटाकर तो कोई दिखाये। इधर स्थानीय रहवासी भी उक्त अवैध सब्जी मंडी की वजह से खासे परेशान हैं। या यूं कहे कि उनका जीना दूभर हो गया हैं। क्योंकि उन्हें आने जाने में जितनी दिक्कते होती हैं। वह भगवान ही जानता है क्योंकि इस अवैध सब्जी मंडी के नुमाइंदे इन लोगों को आवाजाही करने तक से रोक देते हैं। और विरोध करे तो पीट तक देते हैं। रहवासियों का ही कहना है कि उन्होंने स्थानीय पार्षद जीतू राठौर, विधायक मालिनी गौड, और इंदौर शहर के मेयर पुष्यमित्र भार्गव तक को। उक्त गुहार लगाई जा चुकी हैं। मगर आजतक कोई भी जिम्मेदार ने इस और ध्यान देना उचित नहीं समझा। रहवासियों ने बताया कि इंदौर नगर निगम ने बंगाली चौराहा स्थित ब्रिज के बोगदे में स्थानीय ऐसी ही मंडी शिफ्ट कर दी हैं। लेकिन फूटी कोठी चौराहा कि ये अवैध मंडी यही बनाए गए ब्रिज के नीचे स्थित बोगदे में शिफ्ट क्यों नहीं कर दी जाती हैं। रहवासियों ने बताया कि उक्त मंडी से गंदगी, यातायात बाधित, होता रहता हैं मगर निगम अमला यह सबकुछ देखता रहता हैं। और देखकर चला जाता हैं।

इधर महापौर पुष्यमित्र भार्गव रहवासियों की इतनी बड़ी समस्या को देखते हुए भी चर्चा में यह कह रहे है कि वह खुद दोनों पक्षों को समझेंगे, दरअसल मेयर पुष्यमित्र भार्गव का कहना है कि रहवासियों, और यातायात बाधित होने की समस्या से तो वह वाकिफ हैं। लेकिन सब्जी मंडी विक्रेताओं से भी चर्चा की जायेगी, और उन्हें ब्रिज की एक साइट शिफ्ट किया जाएगा ताकि दोनों पक्षों की समस्याओं का समाधान हो जाए। उन्होंने कहा कि मंडी को ऐसे ही हटाया तो ठेले वाले बेरोजगार हो जाएंगे।

## चंदन नगर फ्लाईओवर को लेकर निगम ने नहीं किया कोई काम

# प्राधिकरण ने 2 करोड़ 50 लाख का किया भुगतान, अभी तक टेंडर की तैयारी भी नहीं हुई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● चंदननगर, फ्लाईओवर को लेकर अभी तक नगर निगम ने कोई काम नहीं किया है जबकि पूर्व में यहां पर सर्वे के दौरान सीवरेज और पानी की पाइपलाइन को व्यवस्थित करना था जिसमें निगम के भरोसे पूरा काम था। इसके बावजूद अभी तक नगर निगम की ओर से कोई काम की शुरुआत नहीं हो पा रही है।

बताया जा रहा है कि लगभग 12 मीटर चौड़े और 550 मीटर लंबे चंदननगर से धार रोड फ्लाईओवर का निर्माण होना है। इस फ्लाई ओवर के निर्माण की लागत लगभग 45 करोड़ आंकी गई है, जिसे विकास प्राधिकरण बनाने जा रहा है। इस इलाके में फ्लाईओवर के निर्माण के दौरान पीने की पानी की पाइपलाइन और सीवरेज लाइन को नगर निगम को बदलना है और दूसरी जगह शिफ्टिंग का काम करना है। नगर निगम ने विकास प्राधिकरण से




इसके एवज में 2 करोड 50 लाख का भुगतान भी करवा दिया लेकिन अभी तक निगम की ओर से टेंडर की तैयारी भी नहीं हो पा रही है। इस मामले को लेकर आईडीए अधिकारियों ने निगम को फिर से एक पत्र लिखा है एवं संबंधित विभागीय अफसरों से भी चर्चा की है। इस मामले को लेकर प्राधिकरण सीईओ जल्द ही निगम कमिश्नर से भी चर्चा करने जा रहे हैं। विकास प्राधिकरण चाहता है कि फ्लाई ओवर को लेकर जल्द से जल्द काम की शुरुआत की जा सकती है क्योंकि यहां पर यातायात सबसे अधिक इस इलाके में बाधित हो रहा है। विकास प्राधिकरण सीईओ डॉ परीक्षित झाड़े ने बताया कि एक बार फिर हमने निगम कमिश्नर को पत्र लिखा है। यहाँ से सीवरेज आदि की लाइन यदि दूसरी जगह शिफ्ट होती है तो फ्लाईओवर का काम शुरू किया जा सकता है।

# पूर्व विधायक संजय शुक्ला और उनकी पत्नी की 250 करोड़ की जमीन पर अहम फैसला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर विधानसभा क्रमांक एक से पूर्व कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला और उनकी पत्नी अंजलि शुक्ला को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शुक्ला दंपती अपनी जाख्या (मल्हारगंज तहसील-इंदौर) की जमीन को लेकर कोर्ट गए थे। इस जमीन की मौजूदा कीमत 250 करोड़ से भी ज्यादा है। इस फैसले से शासन को झटका लगा है। वहीं मास्टर प्लान में आरक्षित अन्य जमीन को लेकर भी विकल्प खुल गए हैं।

संजय शुक्ला के नाम पर जाख्या में 1.315 हेक्टेयर जमीन है। वहीं उनकी पत्नी अंजलि के



पास 11.437 हेक्टेयर जमीन है। बता दें कि संजय शुक्ला की जमीन साल 2008 में लागू मास्टर प्लान के तहत मंडी उपयोग के लिए आरक्षित की गई थी। वहीं अंजलि की जमीन को बस स्टैंड लैंड-यूज के लिए आरक्षित कर दिया गया था।

### हाईकोर्ट ने यह दिया अहम आदेश

इस पर हाईकोर्ट ने साफ कहा कि सुप्रीम कोर्ट के विविध फैसलों में अब संपत्ति का अधिकार भी व्यक्ति का संवैधानिक अधिकार है। किसी भी निजी जमीन को इस तरह से आरक्षित रखकर नहीं रखा जा सकता है। यह भी नियम साफ है कि कोई भी आरक्षण तभी तक होता है जब तय हो कि 10 साल में यह प्लान लागू होगा, लेकिन यहां 18 साल में जमीन जिस काम के लिए आरक्षित की गई उसके लिए कुछ नहीं किया। रही बात सक्षम प्राधिकारी के पास आवेदन की तो यह निरर्थक तर्क है। व्यक्ति का यह अधिकार है और इसी याचिका को ही आवेदन मानते हुए सक्षम प्राधिकारी 1973 के एक्ट की धारा 23(1) के तहत लैंड-यूज आवासीय करने की प्रक्रिया दो माह में पूरी करें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।